This Question Paper contains 4 Printed Pages.]

**09H(A)**

# HINDI

*(Second language)*

**Parts A and B**

**Time : 3 hours 15 min.]** **[Maximum Marks : 80**

## Part-A

**Time : 2 hours 30 minutes** **Marks : 60**

***Instructions :***

*(i)* Read the following Question paper and understand every question thoroughly without writing anything. 15 minutes time is allotted for this.

*(ii)* Answer ***all*** the questions as directed.

*(iii)* **Part-A** questions are to be written in the separate Answer Booklet.

*(iv)* Write the answers to the questions under **Part-B** on the Question paper itself.

**I.** (अ) निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। **5×1=5**

पुराने स्कूल में राजू के बहुत सारे मित्र थे और सभी अध्यापक भी उसे पसंद किया करते थे। वह सबसे खुशी-खुशी मिलता और मुस्कुराकर 'हैलो' कहता। जब भी कोई कठिनाई में होता तो राजू सबसे पहले उसकी मदद के लिए पहुँच जाता। उसके पुराने स्कूल में कभी किसी ने उसकी कमज़ोरी की ओर भी ध्यान नहीं दिया - उसकी टांगें बहुत पतली और दुर्बल थीं। उसके घुटनों में शक्ति नहीं थीं और अधिक समय तक वे उसके शरीर का भार बर्दाशत नहीं कर पाती थीं। अत: वह ज्यादा देर तक खड़ा नहीं रह पाता था इसलिए उसे खेलने की मनाही थी। जब भी उनके स्कूल में मैच होता, राजू अपने साथियों को खेलते हुए देखता और ज़ोर-शोर से उनका उत्साह बढ़ाता। जब उसके मित्र मैच हारने लगते तो राजू के प्रेरणादायक शब्दों से उनमें आशा का संचार होता और वे नयी स्फूर्ति से खेलने लगते।

**प्रश्न :**

1. राजू की क्या कमज़ोरी थी?
2. गद्यांश में किस घटना का उल्लेख है?
3. राजू को किस बात की मनाही थी?
4. मैच हारने वालों में आशा का संचार कैसे होता था?
5. कौन, किसे 'हैलो' कहता है?

**(आ)** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। **5×1=5**

हाथियों के संरक्षण के लिए किये जा रहे अनेक प्रयासों के बावजूद पिछले पाँच वर्षों में हाथियों की संख्या में लगभग तीस प्रतिशत की कमी आयी है। मार्च-मई 2017 के दौरान देश में हाथियों की गणना की गयी। पर्यावरण, वन एवं जलवायु मंत्री ने 12 अगस्त 2017 को विश्व गज दिवस के अवसर पर एक समारोह में बताया कि देश में कुल हाथियों की संख्या 27,312 है। वर्ष 2012 में देश में लगभग तीस हज़ार हाथी थे। देश में हाथियों की सर्वाधिक संख्या वाला राज्य कर्नाटक है। असम दूसरे और केरल तीसरे स्थान पर है। विश्व में एशियाई हाथियों की कुल संख्या 40-50 हज़ार के बीच है, इनमें से लगभग 60 प्रतिशत तो भारत में ही हैं।

**प्रश्न :**

**6.** पिछले पाँच वर्षों में कितने प्रतिशत हाथियों की संख्या घट गयीं?

**7.** किस मंत्री ने हाथियों से संबंधित जानकारी दी?

**8.** विश्व गज दिवस कब मनाया जाता है?

**9.** हाथियों की सर्वाधिक संख्या किस राज्य में है?

**10.** इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

**(इ)** निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। **5×1=5**

पोंछ दूँगी अँधेरा, जो तेरे माथे की सिलवटों में सिमटा है<br>
कभी कभी झर जाता है ओस की बूँदों-सा, आँखों की कोरों से।<br>
आने तो दे, धुल जाएगा सारा का सारा रूखीला अहसास<br>
अकड़ीला मिज़ाज जो चिपका है घर की सारी की सारी दीवारों<br>
बंद दरवाज़ों खिड़कियों में।<br>
तेरी आँखों में तैरते ये समुन्दर ये आसमान के अक्स<br>
मैंने देख लिए हैं माँ।<br>
माँ ----- जा सकती हूँ मैं दूर-पार, उस झिलमिलाती दुनिया में<br>
ला सकती हूँ वहाँ से चमकीले टुकड़े तेरे सपनों के,<br>
समुन्दर की लहरों के थपेड़ों में ढूंढ सकती हूँ मैं<br>
मोती और सीपी और नाविकों के किस्से।

**प्रश्न :**

**11.** अँधेरा कहाँ विद्यमान है?

**12.** दीवारों, बंद दरवाज़ों और खिड़कियों के भीतर क्या है?

**13.** लड़की ने क्या देखा है?

**14.** झिलमिलाती दुनिया से लड़की क्या लाना चाहती है?

**15.** प्रस्तुत कविता किस विषय पर आधारित है?

**(ई)** निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक या दो वाक्यों में लिखिए। **5×1=5**

युग बदला, अब हम भी बदलें अपने जीर्ण विचार
बहुत हुआ, अब और न होगा, पशुता का विस्तार
ऊँच-नीच औ जाति-पांति हैं, मानव का अपमान,
मानव है तो हर मानव को, समझें एक समान।
फूल-शूल दोनों का जैसे, सहती शाखा भार,
वैसे ही धरती पर सबको, जीने का अधिकार।
युग बदला, अब हम भी बदलें अपने जीर्ण विचार।

मानव हैं यदि, तो हम कर लें मानवता के काम
मानव होकर करें न अब हम, मानवता बदनाम
क्रूर काल के चक्रव्यूह में, समझें जीवन सार।
मानव जीवन नहीं मिला करता है बारंबार।
युग बदला, अब हम भी बदलें अपने जीर्ण विचार।

**प्रश्न :**

**16.** कवि पाठक को क्या बदलने की प्रेरणा दे रहा है?

**17.** मानव का अपमान क्या है?

**18.** धरती पर सबको जीने का अधिकार है। इसके संबंध में कवि ने किसका उदाहरण दिया है?

**19.** किससे मानवता बदनाम हो जाती है?

**20.** मानव को जीवन कितनी बार मिलता है?

**II.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *तीन-चार* पंक्तियों में लिखिए। **4×4=16**

**21.** "सुमित्रानंदन पंत के जीवन और साहित्य" का परिचय दीजिए।

**22.** रहीम ने विपत्ति को सच्चे मित्र की पहचान की कसौटी क्यों माना है?

**23.** अमीना, हामिद का पालन-पोषण कैसे करती होगी?

**24.** 'स्वराज्य की नींव' एकांकी को दृष्टि में रखकर रानी लक्ष्मीबाई के त्याग और बलिदान पर प्रकाश डालिए।

**III.** निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए। **1×7=7**

**25.** डॉ. रामधारीसिंह दिनकर ने 'कण-कण का अधिकारी' कविता के माध्यम से आज के समाज को क्या संदेश दिया है?

**26.** रैदास के पदों के आधार पर उनकी भक्ति की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

**IV.** निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए। **1×7=7**

**27.** काका कालेलकर ने गोदावरी को दक्षिणी गंगा की संज्ञा क्यों दी होगी?

**28.** टेसी थॉमस अग्नि-5 कार्यक्रम की निदेशक कैसे बनी? उनकी इस सफलता के कारणों पर अपने विचार लिखिए।

**V.** निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर 8-10 पंक्तियों में लिखिए। **2×5=10**

**29.** 'पर्यावरण संरक्षण में छात्रों की भूमिका' विषय पर निबंध लिखिए।

**30.** 'दू-पहिया चालक के लिए हेलमेट की अनिवार्यता' पर एक पोस्टर तैयार कीजिए।

**31.** देश के राष्ट्रपति से साक्षात्कार के लिए प्रश्नावली तैयार कीजिए।

---